## अध्याय – 2
## सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र
**अंक भार - (3+3=6)**

**बहुविकल्पात्मक (1*3)**

**1.** युरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना कब की गई?
(1) 1951 (2) 1948 (3) 1945 (4) 1947 (2)

**2.** यूरोपीय परिषद का गठन कब किया गया?
(1) 1951 (2) 1949 (3) 1957 (4) 1992 (2)

**3.** यूरोपीयन इकॉनोमिक कम्यूनिटि (**यूरोपीयन आर्थिक समुदाय**) का गठन कब किया गया?
(1) अप्रैल, 1951 (2) मार्च, 1957 (3) जनवरी, 1973 (4) जून, 1979 (2)

**4.** आसियान का मुख्यालय कहां स्थित है?
(1) जकार्ता (2) चीन (3) रूस (4) काठमाण्डू (1)

**5.** 1978 के पश्चात चीन ने कौनसी नीति अपनायी?
(1) बंद द्वार नीति (2) मुक्त व्यापार नीति
(3) खुले द्वार नीति (4) क्षैत्रिय व्यापार नीति (3)

**6.** वर्तमान में यूरोपीय संघ के सदस्यों की संख्या कितनी है?
(1) 27 देश (2) 28 देश (3) 30 देश (4) 10 देश (1)

**7.** यूरोपीय संघ का 28 वां सदस्य कौनसा देश बना?
(1) बुल्गाारिया (2) रूमानिया (3) पौलैण्ड (4) क्रोएशिया (4)

**8.** यूरोपीय संसद का पहला प्रत्यक्ष चुनाव हुआ?
(1) जून, 1979 (2) मई, 2004 (3) अप्रैल, 1951 (4) जनवरी, 1973 (1)

**9.** चीन ने कृषि का नीजिकरण कब किया?
(1) 1979 (2) 1998 (3) 1982 (4) 1978 (3)

**10.** यूरोपीयन संघ की मुद्रा का क्या नाम है?
**उत्तर –** यूरो

**11. किस संधि ने यूरोपीय समुदाय के देशों के बीच सीमा नियंत्रण समाप्त किया?**
**उत्तरः–** शांगेन संधि (शेलन संधि जून 1985)

**12. आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) की स्थापना कब हुई?**
**उत्तरः–** 1994

**13.** यूरोपीय संघ के कौनसे देश यू. एन. ओ. की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है?
**उत्तर –** फ्रांस

**14.** यूरोपीय संघ के झण्डे में 12 सितारे क्यों है?(**विशेषता क्या है?)**
**उत्तर –** यूरोपीय संघ के झण्डे में 12 सितारे है क्योंकि 12 की संख्या को वहां पारस्परिक रूप से पूर्णता, समग्रता व एकता का प्रतिक माना जाता है।

**15. आसियान के झण्डे का प्रतीक चिह्न क्या है?**
**उत्तर –** धान की बालियाँ

**16.** आसियान शैली (आश्यिान वे) किसे कहा जाता है?
**उत्तर –** आसियान देशों की अनौपचारिक, टकराव रहित और सहयोगात्म मेल–मिलाप की नीति को आसियान शैली कहा जाता है।

**17. यूरोपीय संघ को शांति का नोबेल पुरूस्कार कब मिला?**
**उत्तर –** 2012 में

**18. एशिया का कौनसा देश जी–7 का सदस्य है?**
**उत्तर –** जापान

**दीर्घलुघत्तरात्मक (3*1)**

**1. आसियान किस प्रकार का संगठन है?**

**उत्तर –** आसियान एक असैनिक आर्थिक संगठन है।

**2. आसियान की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्या था?**

**उत्तर –** आसियान की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास करना था।

**3. यूरोपीय संघ की स्थापना किस संधि द्वारा की गई?**

**उत्तर –** यूरोपीय संघ की स्थापना 7 फरवरी, 1992 को मॉस्ट्रिच संधि द्वारा की गई।

**4. आसियान की स्थापना किस संधि द्वारा की गई?**

**उत्तर –** आसियान की स्थापना 08 अगस्त, 1967 में बैंकॉक घोषणा द्वारा की गई।

**5. आसियान के कितने देश सदस्य है?**

**उत्तर –** 10 देश (1967 स्थापना के समय सदस्य देश इंडोनेशिया, फिलिपीन्स, सिंगापुर, थाइलैण्ड व मलेशिया। ब्रुनई 1984 में, वियतनाम 1995 में, लाओस व म्यांमार 1997 में और कम्बोडिया 1999 में सदस्य बना।)

**6. आसियान का पूरा नाम बताइए?**

**उत्तर –** दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस)

**7. SEZ का पूरा नाम क्या है?**

**उत्तरः–** स्पेशल इकॉनोमिक जोन (विशेष आर्थिक क्षेत्र)।

**8. चीन में ओपन डोर पॉलिसी (मुक्त द्वार की नीति) किस ने और कब चलाई?**

**उत्तर –** 1978 में देंग श्याओपेंग ने ओपन डोर पॉलिसी अपनायी।

**9. मार्शल योजना क्या है?**

**उत्तर –** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने पश्चिमी यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुर्नगठन के लिए आर्थिक सहायता दी जिसे मार्शल योजना के नाम से जाना जाता है।

**10. तिथि के हिसाब से इन सबको क्रम से लगाइए।**

1. विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश।
2. यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना।
3. यूरोपीय संघ की स्थापना।
4. आसियान क्षैत्रीय मंच की स्थापना।

**उत्तर –**

यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना। – 1957

यूरोपीय संघ की स्थापना। – 1992

आसियान क्षैत्रीय मंच की स्थापना। – 1994

विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश। – 2001

**11. समेकित कीजिए**

| | | |
|---|---|---|
| आसियान की स्थापना | – | 1948 |
| यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना | – | 1992 |
| यूरोपीय परिषद की स्थापना | – | 1967 |
| यूरोपीय संघ की स्थापना | – | 1949 |

**उत्तर –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. आसियान की स्थापना | – | 1967 |
| 2. यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना | – | 1948 |
| 3. यूरोपीय परिषद की स्थापना | – | 1949 |
| 4. यूरोपीय संघ की स्थापना | – | 1992 |

**12. यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना कब व किन उद्देश्यों को लेकर की गई?**

**उत्तर –** यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना 1948 में मार्शल योजना के आधार पर की गई थी। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पश्चिमी यूरोप के देशों की आर्थिक मदद करना था।

**13.** **आसियान के प्रमुख उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए?**

**उत्तर –** आसियान के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित है–

1. दक्षिण पूर्व एशिया के क्षेत्र में आर्थिक विकास को तेज करना।
2. सदस्यों राष्ट्रों में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक, वैज्ञानिक तथा तकनीकि क्षेत्रों में परस्पर सहायता करना।
3. सामुहिक सहयोग तथा बातचीत से साझी समस्याओं का हल ढूंढना।
4. दक्षिणी पूर्वी एशियाई क्षेत्र में साझा बाजार तैयार करना।
5. क्षेत्रीय शांति व स्थायित्व को बढ़ावा देना।

**14.** **''आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण संगठन है'' कथन के पक्ष में तर्क दे।**

**अथवा**

**''विजन 2020 में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान की एक बहिर्मुखी भूमिका को प्रमुखता दी गई है।'' कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।**

**अथवा**

**आसियान की प्रासांगिकता अथवा महत्व पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर –** आसियान की प्रासांगिकता या महत्व को निम्न रूप में देखा जा सकता है–

1. आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण क्षैत्रीय संगठन है।
2. आसियान टकराव की जगह बातचीत व परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने की नीति पर बल देता है।
3. पूर्वी–एशियाई सहयोग पर बातचीत के लिए 1999 से नियमित रूप से वार्षिक बैठकों का आयोजन किया जाता है।
4. आसियान की मौजूदा आर्थिक शक्ति ने चीन और भारत के साथ व्यापार और निवेश के मामले में अपनी प्रासांगिकता को स्पष्ट किया है।
5. यह एशिया का एकमात्र ऐसा क्षैत्रीय मंच है जो एशियाई देशों तथा विश्व शक्तियों को राजनीतिक मंच उपलब्ध करवाता है।

**15.** **आसियान विजन–2020 की मुख्य बातें क्या है?**

**उत्तर –** आसियान विजन–2020 की प्रमुख तत्व निम्न प्रकार से है–

1. आसियान देश आपसी टकराव की जगह बातचीत को बढ़ावा देगे।
2. अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में एक विशिष्ट क्षैत्रीय पहचान को बनाना।
3. सुरक्षा समुदाय, आर्थिक समुदाय और सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय के माध्यम से क्षैत्रीय हितों की रक्षा करना।
4. आसियान शैली दक्षिण पूर्व एशिया के समस्त देशों के परस्पर विवादों को हल करना, आर्थिक सहायता प्रदान करना।
5. निवेश, श्रम और सेवाओं के मामले में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाना और क्षैत्रीय देशों में अमेरिका के वर्चस्व को रोकना।

**16.** **भारत–चीन संबंधो में कटुता पैदा करने वाले कोई चार मुद्दे लिखिए?**

**उत्तर –** भारत–चीन संबंधो में कटुता पैदा करने वाले प्रमुख मुद्दे निम्नलिखित हैं–

1. सीमा विवाद – यह विवाद मैकमोहन रेखा, अरूणाचलप्रदेश के त्वांग तथा अंक्साई चीन क्षेत्र को लेकर है।
2. पाकिस्तान को परमाणु सहायता
3. हिन्द महासागर में पैठ – चीन हिन्द महासागर में अपनी पैठ जमाना चाहता है। इस हेतु उसने म्यांमार से कोको द्वीप ले लिया है। पाकिस्तान से कराची के पास ग्वादर बन्दरगाह बना रहा है।
4. भारत विरोधी रवैया – चीन भारत की परमाणु नीति की आलोचना करता है तथा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध करता है।

**17.** "वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान प्रभावकारी है।" इस कथन पर प्रकाश डालिए।

अथवा

जापान की अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डालिए।

**उत्तर –** वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान प्रभावकारी है। जापान की आर्थिक समृद्धि और प्रभाव को निम्न बिन्दुओं के अन्तर्गत देख सकते है–

1. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जापान ने तीव्र गति से विकास किया है।
2. संयुक्त राष्ट्र संघ बजट में जापान 10 प्रतिशत का योगदान करता है। जो कि आर्थिक योगदान के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा देश है।
3. सैन्य व्यय के लिहाज से विश्व में जापान का सातवां स्थान है।
4. 2017 में जापान की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि जापान शक्ति का वैकल्पिक केन्द्र बन रहा है।

शेखावाटी मिशन - 100